

# अष्टादश बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–20 शुक्रवार, दिनांक–24 अप्रील, 2026 ई०।

**माननीय अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ हुई।**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:52 बजे अपराह्न तक।**

**[1] अध्यक्ष द्वारा प्रारंभिक संबोधन :–**

यथा संलग्न

**[2] माननीय मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत विश्वास प्रस्ताव :–**

माननीय मुख्यमंत्री, श्री सम्राट चौधरी ने प्रस्ताव किया कि 'यह सभा वर्तमान राज्य मंत्रिपरिषद् में विश्वास व्यक्त करती है।'

तदुपरांत विश्वास मत के प्रस्ताव पर निम्नांकित माननीय सभासदों ने भाग लिया :–

1. श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, माननीय नेता विरोधी दल
2. श्री विजय कुमार चौधरी, माननीय उप मुख्यमंत्री
3. श्री मनोहर प्रसाद सिंह, स०वि०स०
4. श्री राजू तिवारी, स०वि०स०
5. श्री अखतरूल ईमान, स०वि०स०
6. श्री अरूण सिंह, स०वि०स०
7. श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी, स०वि०स०
8. श्री अजय कुमार, स०वि०स०
9. श्री माधव आनंद, स०वि०स०
10. श्री इन्द्रजीत प्रसाद गुप्ता, स०वि०स०
11. श्री सतीश कुमार सिंह यादव, स०वि०स०
12. श्री श्रवण कुमार, स०वि०स०
13. श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, माननीय उप मुख्यमंत्री

इस दौरान आसन द्वारा घोषणा की गयी कि आज शुक्रवार है तथा निर्धारित समय कम है, इसलिए निर्धारित कार्यों की समाप्ति तक सदन की राय से बैठक की अवधि विस्तारित की जाती है।

तत्पश्चात् माननीय मुख्यमंत्री, श्री सम्राट चौधरी ने इस प्रस्ताव पर विस्तारपूर्वक अपना पक्ष रखा।

तदुपरांत मूल प्रस्ताव सदन में ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ।

**[3] शुभकामना संदेश :–**

आसन द्वारा माननीय मुख्यमंत्री, श्री सम्राट चौधरी द्वारा विधान सभा में विश्वास मत प्राप्त करने के अवसर पर कहा गया कि यह ऐतिहासिक क्षण हम सभी के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है। माननीय

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी ने विधान सभा में विश्वास मत प्राप्त कर लोकतंत्र की शक्ति को पुनः स्थापित किया है। यह केवल एक राजनीतिक जीत नहीं, बल्कि बिहार की जनता के विश्वास और अपेक्षाओं की जीत है।

मैं, बिहार विधान सभा अध्यक्ष के रूप में, उन्हें इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ। यह विश्वास मत आपके द्वारा मंत्री, उप मुख्य मंत्री और अब मुख्यमंत्री के रूप में किए गए कार्यों, निर्णयों, नेतृत्व क्षमता एवं जनता के प्रति आपकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

हम आशा करते हैं कि आपके कुशल नेतृत्व में बिहार निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास एवं सबका प्रयास के मंत्र न्याय के साथ विकास को साकार करते हुए प्रदेश को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी।

मैं सदन के सभी सदस्यों से भी आग्रह करता हूँ कि हम सभी मिलकर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करते हुए बिहार के समग्र विकास के लिए कार्य करें।

एक बार पुनः माननीय मुख्यमंत्री जी को इस ऐतिहासिक सफलता के लिए हार्दिक बधाई।

विश्वास की ये जीत है, जन–जन का सम्मान,
बिहार की धरती पर फिर खिला नया अरमान।
संघर्षों की राहों से जो बढ़ते चले गए,
हर मुश्किलों को हराकर, आगे निकल गए।
जनता का विश्वास बना, शक्ति उनकी पहचान,
सेवा और समर्पण से जीता सबका दिल महान।
नए सपनों का दीप जलाकर, बढ़े विकास की ओर,
बिहार के हर कोने में गूंजे प्रगति का शोर।
नेतृत्व ऐसा मिले हमें, जो करे सबका कल्याण,
सम्राट जी के संग सजे, उज्ज्वल बिहार महान।

तदुपरांत आसन द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री, श्री नीतीश कुमार के संदर्भ में कहा गया कि :–

**विकास की गाथा**

बिहार की धरती गवाही देती, परिवर्तन की नई कहानी,
अंधेरों से उजियारे तक, ले आए नई रवानी।
सड़क, बिजली, पानी की धारा, हर गांव तक पहुंचाई,
शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में, नई दिशा दिखलाई।
नारी सशक्तिकरण का सपना, साकार किया उन्होंने,
हर दिल में विश्वास जगा, आगे बढ़ाया देश को।
जन–जन के नेता जन–जन के दिल में बसते,
सादगी जिनकी पहचान, काम के प्रति निष्ठा ऐसी, बढ़ाया बिहार का मान।
कानून व्यवस्था सुधारी, भयमुक्त हुआ समाज,
विकास की राह पर चलकर, लिखा नया इतिहास।
हर वर्ग का ध्यान रखा, सबको साथ लेकर चले,
समता और न्याय की राह पर, नए दीपक रोज जले।

**परिवर्तन का प्रतीक**

वो सिर्फ एक नेता नहीं, परिवर्तन का हैं प्रतीक,
हर योजना में दिखती, उनकी सोच अद्वितीय।
हर हाथ को काम मिला, हर घर में उजियारा,
बिहार को नई ऊँचाई दी, बना दिया सबका सहारा।
विकास की इस यात्रा में, उनका योगदान अपार,
सदियों तक याद रहेगा, उनका यह उपकार।

**आसन की घोषणा :-**

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि अष्टादश बिहार विधान सभा के माननीय सदस्य श्री नितिन नवीन, निर्वाचन क्षेत्र संख्या-182, बाँकीपुर ने दिनांक-30.03.2026 को सदन से अपने स्थान का त्याग कर दिया है।

[5] **अन्य चर्चा :-**

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा एक अन्य प्रस्ताव की सूचना प्राप्त हुई है।

आसन की अनुमति से माननीय उप मुख्यमंत्री, श्री विजय कुमार चौधरी ने प्रस्ताव किया कि "यह सभा 'नारी शक्ति वंदन' विधेयक से संबंधित 131वें संविधान संशोधन प्रस्ताव के संदर्भ में कॉंग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल एवं अन्य विपक्षी दलों की महिला विरोधी मानसिकता एवं संसद में उनके द्वारा अपनाए गए नकारात्मक रवैये की निंदा करती है"।

यह प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

इस दौरान उक्त प्रस्ताव के विरोध में विपक्ष के कतिपय माननीय सदस्यगण असंतुष्ट होकर सदन से बहिर्गमन कर गये।

[6] **शोक प्रकाश :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चीर शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की:-

1. स्व० सतीश कुमार, पूर्व स०वि०स०
2. स्व० सैयद गुलाम हुसैन, पूर्व स०वि०स०
3. स्व० सियाराम यादव, पूर्व स०वि०स०
4. स्व० राधिका देवी, पूर्व स०वि०स०
5. स्व० मंसूर आलम, पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व मंत्री, बिहार सरकार

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

तत्पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय ने कहा कि मेरे एवं सम्पूर्ण सदन की ओर से शोक संतप्त परिवार को शोक संदेश भेज दिये जायेंगे।

तदुपरान्त सभा की बैठक बिहार राज्य गीत के साथ अनिश्चित काल तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक-24.04.2026

**पूनम सिन्हा**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।